नागरिक अधिकार-पत्र

1. हमारी परिकल्पना

परमाणु ऊर्जा विभाग की परिकल्पना, भारत को प्रौद्योगिकी के जरिए, अधिक धन अर्जित करके और उसके नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराकर शक्ति सम्पन्न बनाने की है। ऐसा, भारत को ऊर्जा की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाकर, नाभिकीय तथा विकिरण प्रौद्योगिकियों और उनके अनुप्रयोगों के विकास और प्रसार के जरिए अपने लोगों को पर्याप्त, सुरक्षित और पोषित खाद्य-पदार्थ, और बेहतर स्वास्थ्य देख-रेख उपलब्ध कराने में योगदान करके हासिल किया जाना है।

2. हमारे ग्राहक

(i) ऊर्जा, कृषि, खाद्य-पदार्थ, स्वास्थ्य, शिक्षा, तेल और पेट्रोलियम, उद्योग, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी आदि का काम देखने वाले केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के उपभोक्ता मंत्रालय/विभाग।

(ii) अर्ध-सरकारी संगठन, गैर-सरकारी संगठन, औद्योगिक संगठन, शैक्षिक संस्थान।

(iii)विद्युत बोर्ड, अस्पताल, अनुसंधान/चिकित्सा/शैक्षिक/शैक्षणिक संस्थान, कृषक आदि।

3. हमारे कार्यकलाप

यह विभाग नाभिकीय विद्युत/अनुसंधान रिएक्टरों के डिजायन, निर्माण तथा परिचालन के, और सहायक नाभिकीय ईंधन चक्र संबंधी प्रौद्योगिकियों, जिनके अंतर्गत नाभिकीय खनिजों का अन्वेषण, खनन तथा संसाधन, भारी पानी का उत्पादन, नाभिकीय ईंधन संविरचन, ईंधन पुनर्संसाधन तथा नाभिकीय अपशिष्ट-पदार्थ प्रबंधन आते हैं, के काम में लगा हुआ है। यह राष्ट्र की समृद्धि में योगदान देने वाली प्रगत प्रौद्योगिकियाँ भी विकसित कर रहा है। विभाग द्वारा विकसित मानव संसाधन तथा उपलब्ध कराई जाने वाली तकनीकी सेवाएं भारतीय उद्योग के लिए काफी सहायक होती आ रही हैं।

विभाग फसलों की बेहतर किस्मों, फसलों को बचाने के लिए कीटों के नियंत्रण/उन्हें नष्ट करने की तकनीकें, फसल की कटाई के बाद की विकिरण आधारित प्रौद्योगिकियाँ, रोगों, विशेषकर कैंसर के निदान और उपचार की विकिरण आधारित तकनीकें, सुरक्षित पेयजल की प्रौद्योगिकियाँ, बेहतर पर्यावरण और समृद्ध उद्योग, भी विकसित कर रहा है।

4. **अधिदेश**

विभाग का अधिदेश, जिस पर इसके कार्यक्रम आधारित हैं, के अंतर्गत निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) स्वदेशी तथा अन्य प्रमाणित प्रौद्योगिकियों के प्रसार द्वारा परमाणु विद्युत के हिस्से को बढ़ाना, और साथ ही संबद्ध ईंधन चक्र सुविधाओं सहित फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तथा थोरियम रिएक्टर विकसित करना;

(ii) रेडियोआइसोटोपों के उत्पादन और चिकित्सा, कृषि तथा उद्योग के क्षेत्र में विकिरण प्रौद्योगिकी संबंधी अनुप्रयोग करने के लिए अनुसंधान रिएक्टरों का निर्माण और उनका परिचालन करना;

(iii) त्वरकों, लेसरों, सुपरकम्प्यूटरों, प्रगत पदार्थों तथा यंत्रीकरण जैसी प्रगत प्रौद्योगिकियाँ विकसित करना, तथा उद्योगों को प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण को प्रोत्साहित करना;

(iv) नाभिकीय ऊर्जा तथा विज्ञान के संबद्ध अग्रणी क्षेत्रों में मूलभूत अनुसंधान को समर्थन देना; विश्वविद्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों के साथ परस्पर आदान-प्रदान; परमाणु ऊर्जा विभाग के कार्यक्रमों से संबंधित अनुसंधान तथा विकास परियोजनाओं को समर्थन देना, और अनुसंधान के संबद्ध प्रगत क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग करना, तथा

(v) राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान ।

5. **राष्ट्रीय साझा न्यूनतम कार्यक्रम से संबंधित परमाणु ऊर्जा विभाग के कार्यक्रम**

<u>विकासात्मक अनुप्रयोगों के लिए अधिक संभावना वाले प्रक्षेत्र</u>

(i) कृषि

तिलहनों और दालों का अधिक उत्पादन

(ii) शिक्षा, स्वास्थ्य

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई)

पूर्वस्नातक विज्ञान हेतु राष्ट्रीय पहल (एनआईयूएस)

दूर-चिकित्सा के जरिए कैंसर के क्षेत्र में देशव्यापी सेवाएं

(iii) खाद्य तथा पोषण सुरक्षा

खाद्य तथा कृषि उत्पादों का विकिरण संसाधन

(iv) जल-संसाधन

पानी की कमी वाले समुद्र तटीय क्षेत्रों में विलवणीकरण

(v) ऊर्जा सुरक्षा

दीर्घावधि सतत विकास सुनिश्चित करते हुए अल्पावधि और दीर्घावधि विद्युत आपूर्ति करना आने वाले वर्षों में परमाणु विद्युत की भूमिका प्राथमिक ऊर्जा स्रोत के रूप में होना

6. किससे सम्पर्क करें

i) लोक शिकायत और शिकायतें

अपर सचिव,
लोक शिकायत अधिकारी एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी,
परमाणु ऊर्जा विभाग,
अणुशक्ति भवन, सीएसएम मार्ग,
मुंबई - 400001.
दूरभाष संख्या 022-22022816
ई-मेल आई.डी. - as@dae.gov.in

ii) जन सम्पर्क

श्री एस. के. मल्होत्रा,
प्रधान, जन जागरूकता प्रभाग,
परमाणु ऊर्जा विभाग,
अणुशक्ति भवन, सीएसएम मार्ग,
मुंबई - 400001.
दूरभाष संख्या 022-22823144
ई-मेल आई.डी. skm@dae.gov.in

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
अणुशक्ति भवन, सीएसएम मार्ग
मुंबई - 400001

<u>सूचना</u>

हम, भारत के जन-सेवक सत्यनिष्ठा से यह शपथ लेते हैं कि हम अपने कार्यकलापों के सभी क्षेत्रों में सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता लाने के लिए निरन्तर प्रयास करेंगे। हम यह भी शपथ लेते हैं कि हम जीवन के सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार दूर करने के लिए सम्पूर्ण रूप से कार्य करेंगे। हम सतर्क रहेंगे और अपने संगठन की प्रगति और प्रतिष्ठा के लिए कार्य करेंगे। हम अपने सामूहिक प्रयासों से, अपने संगठनों का गौरव बढ़ाएंगे और अपने देशवासियों को मूल्यवान सेवाएं प्रदान करेंगे। हम अपने कर्तव्य को निष्ठापूर्वक पूरा करेंगे तथा, भय और पक्षपात के बिना कार्य करेंगे।

इस तरह, यह कार्यालय उपर्युक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपने कार्यकरण में नैतिकता का अधिकतम स्तर बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, सभी से अनुरोध है कि :

- रिश्वत न दें
- यदि इस विभाग अथवा इसके किसी कार्यालय में कोई रिश्वत मांगता है: अथवा
- यदि आपको हमारे किसी भी कार्यालय में भ्रष्टाचार के बारे में कोई सूचना प्राप्त होती है; अथवा आप भ्रष्टाचार के शिकार होते हैं, तो

आप निम्नलिखित के पास शिकायत कर सकते हैं :-
अपर सचिव,
लोक शिकायत अधिकारी एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी,
परमाणु ऊर्जा विभाग,
अणुशक्ति भवन, सीएसएम मार्ग,
मुंबई - 400001.
दूरभाष संख्या 022-22022816
ई-मेल आई.डी. - as@dae.gov.in

आप निम्नलिखित के पास शिकायत कर सकते हैं :-
केन्द्रीय सतर्कता आयोग
सतर्कता भवन, ब्लाक 'ए',
जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए,
नई दिल्ली - 110023.